


# लैंड-ड्वेलर 36

ऑयस्टर, 36 मिमी, ऑयस्टरस्टील और व्हाइट गोल्ड

लैंड-ड्वेलर 36 ऑयस्टरस्टील और व्हाइट गोल्ड में अत्याधिक सफ़ेद हनीकॉम्ब(मधुकोश)-मोटिफ़ डायल और सपाट जुबिली ब्रेसलेट के साथ।




तीव्र व्हाइट डायल

# मधुमक्खी के छत्ते की आकृति वाला मोटिफ़

यह डायल सनरे फिनिश के साथ एक मधुमक्खी के छत्ते (हनीकॉम्ब) के आकार की आकृति से सुसज्जित है। इसके निर्माण में पारंपरिक शिल्प कौशल और उच्च प्रौद्योगिकी विधियों का उपयोग किया गया है, जो सभी अपने ही कारखाने में ही निपुणता से विकसित की गई हैं।

छत्ते की संरचना को फेम्टोसेकंड लेजर से काटा जाता है, जिसका उपयोग प्रत्येक कोशिका को अलग करने वाले खांचे में नाजुक रेखाएं बनाने के लिए भी किया जाता है। क्रोमालाइट डिस्प्ले वाले संस्करणों में, चमकदार खुले अंक और सूचकांक घंटे मार्कर किसी भी स्थिति में इष्टतम पठनीयता

प्रदान करते हैं। घड़ी की सुई भी चमकदार हैं और इन्हें विशेष रूप से इस मॉडल के लिए डिज़ाइन किया गया है।



फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल

# रोलेक्स सिग्नेचर

फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल, रोलेक्स विशिष्टता की निशानी होता है। मूल रूप से, ऑयस्टर बेज़ेल की फ्लूटिंग का एक कार्यात्मक उद्देश्य था: इससे बेज़ेल को केस पर पेंच से कसा जाता था जिससे घड़ी का जल प्रतिरोधी क्षमता होना सुनिश्चित होता था।

इसलिए यह बिल्कुल केस बैक पर फ्लूटिंग के समान होता था, जिसे भी रोलेक्स के विशेष टूल्स का प्रयोग करके केस पर स्क्रू से कसा जाता था ताकि जल प्रतिरोधी होना सुनिश्चित हो। समय के साथ, फ्लूटिंग एक सौंदर्यात्मक तत्व बन गई, असली रोलेक्स की एक सिग्नेचर विशेषता। आज फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल विशिष्टता की निशानी होता है, और यह हमेशा सोने का बना होता है।




सफ़ेद रोलेसॉर

# दो धातुओं का मिलन

गोल्ड अपनी चमक और कुलीनता के लिए प्रतिष्ठित है। स्टील ताकत और विश्वसनीयता को मज़बूती देता है। साथ में, ये सामंजस्यपूर्ण रूप से अपने गुणों का सर्वोत्तम संयोजन करते हैं।

एक सच्चे रोलेक्स हस्ताक्षर के रूप में, रोलेसॉर 1930s के दशक से रोलेक्स मॉडलों पर अंकित होता रहा है और 1933 में इसे नाम के रूप में ट्रेडमार्क किया गया। यह ऑइस्टर पर्पेचुअल कलेक्शन का एक प्रमुख स्तंभ है।



फ्लैट जुबिली ब्रेसलेट

# निर्बाध एकीकृत डिजाइन

इस घड़ी के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया फ्लैट जुबिली ब्रेसलेट, प्रतीकात्मक जुबिली ब्रेसलेट का पुनर्व्याख्यान है। फ्लैट जुबिली इस मायने में भिन्न है कि इसमें सभी लिंक सपाट हैं और ऑइस्टर केस के साथ सहजता से मिलकर एक संतुलित, सामंजस्यपूर्ण समग्रता का निर्माण करते हैं, जिसमें पॉलिश और तकनीकी सैटिन फिनिशिंग का मिश्रण है।

इसके अलावा, ब्रेसलेट के बाहरी लिंक के ऊपरी किनारों को बेवेल किया गया है, जैसा कि मध्य केस के भी हैं और परिणामस्वरूप बने चैम्फर को पॉलिश किया गया है, जिससे प्रकाश की एक सतत रिबन का आभास होता है। यह एक कंसील्ड फ़ोल्डिंग क्राउनक्लास्प से सुसज्जित है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण
# लैंड-ड्वेलर

संदर्भ 127234

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 36 मिमी, ऑयस्टरस्टील और व्हाइट गोल्ड

**व्यास**
36 मिमी

**सामग्री**
व्हाइट रोलसॉर

**बेज़ेल**
फ़्लूटेड

**केस बैक**
गुंबदाकार पारदर्शी केस बैक, परावर्तक - रोधी कोटिंग के साथ

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइंडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
7135, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पेटेंटीकृत ज्यामिति वाली सिलिकॉन से बनी सिलॉक्सी हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर्स

**वाइंडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 66 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ। तीव्र सेटिंग के साथ तत्क्षण तारीख। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

# ब्रेसलेट

---

**प्रकार**
फ्लैट जुबिली, पाँच-पीस सॉलिड लिंक

**ब्रेसलेट सामग्री**
ऑयस्टरस्टील

**क्लास्प**
कन्सील्ड फ़ोल्डिंग क्राउन्सक्लास्प

# डायल

---

**प्रकार**
अत्याधिक सफ़ेद हनीकॉम्ब(मधुकोश)- मोटिफ़

**विवरण**
बेहद स्पष्ट क्रोमालाइट डिस्प्ले दीर्घकालिक नीली चमक के साथ

# प्रमाणन

---

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX